अम्ल,भस्म एवं लवण

Set-3

Acid base and salt

Chapter -2

Top 5

SCIENCE

Short Questions

Total Short Questions in Set= 5

xxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxx

1. गैल्वनीकरण क्या है?

उत्तर-

जिसमें इस्पात या लोहे के उपर जस्ते की परत चढ़ा दी जाती है। इससे इन धातुओं का क्षरण (विशेषत: जंग लगना) रूक जाता है।

2. आसवित/ शुद्ध जल में विद्युत चालक क्यों नहीं होता जबकि वर्षा के जल में होता है?

उत्तर-

वर्षा जल में CO_2, SO_2 जैसी गैसें घुली होती हैं जो कार्बोनिक अम्ल (H_2CO_3), सल्फ्यूरस अम्ल (H_2SO_3) आदि बनाती हैं। इनका आयनों में टूटे हुए होता है। इसीलिए वर्षा जल में विद्युत का चालन होता है। आसवित जल में घुलनशील लवण या गैसें नहीं होतीं इसलिए इसका आयनीकरण नहीं होता और इसमें विद्युत का चालन नहीं होता

3. जल की अनुपस्थिति में अम्ल का व्यवहार अम्लीय क्यों नहीं होता है?

उत्तर-

जल की अनुपस्थिति में अम्ल के व्यवहार अम्लीय इस लिए नहीं होता है क्योंकी अम्ल ज़ल में घुल कर (H^+)हायड्रोजन आयन देते है लेकिन जब अम्ल में कोई जल नहीं होता है तब अम्ल अपना व्यवहार अम्लीय नहीं दिखा पाते है

4. पीतल एवं ताँबे के बर्तनों में दही एवं खपदार्थ नहीं रखना चाहिए? 18 C

उत्तर-

यदि पीतल एवं ताँबे के बर्तनों में दही एवं खट्टे पदार्थ को रखे जाएँगे तो वे अम्लों की उपस्थिति के कारण धातु की सतह से अभिक्रिया कर विषैले पदार्थ का निर्माण करेंगे जो हमारे शरीर के लिए हानिकारक होंगे। इसलिए पीतल एवं ताँबे के बर्तनों में इन पदार्थों को नहीं रखना चाहिए।

5. अम्लों के सामान्य गुण बताएँ।

उत्तर-

i. इनका स्वाद खट्टा होता है।
ii. ये नीले लिटमस को लाल कर देते हैं।
iii. इनका घोल साबुन के घोल की तरह चिकना नहीं होता।
iv. ये धातुओं के साथ क्रिया करके हाइड्रोजन गैस बनाते हैं।
v. ये कार्बोनेट के साथ क्रिया करके कार्बन डाइऑक्साइड उत्पन्न करते हैं।
vi. अम्ल, क्षारकों से क्रिया करके लवण और पानी बनाते हैं।

N.C.C